प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 09.03.2025**

अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान

अवगत कराना है कि आगामी त्यौहार व कानून व्यवस्था/ शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब निर्माण, बिक्री, तस्करी व अवैध स्प्रिट/ एल्कोहल पर अंकुश लगाए जाने के सम्बंध में दिनांक 01.03.2025 से 09.03.2025 तक पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर के निर्देशन में चलाए गये अभियान के तहत अवैध कृत्य में पूर्व से चिन्हित/सूचीबद्ध ग्रामों में आबकारी विभाग से समन्वय स्थापित कर जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ प्रभारी निरीक्षक के द्वारा आवश्यक पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र अंर्तगत तस्दीक/ छापेमारी करते हुए अवैध कृत्य में संलिप्त/ सक्रिय व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

कार्यवाही का विवरण निम्नवत् है:-

पुलिस और आबकारी विभाग के संयुक्त प्रयासों से लगभग **07 कुन्तल लहन** और थाना **मौदहा द्वारा 01 अवैध शराब निर्माण भट्टी** व **थाना थाना जरिया पुलिस द्वारा 01 अवैध शराब निर्माण भट्टी** कुल **02 अवैध शराब निर्माण भट्टियों** को नष्ट किया गया। मौके से **225 लीटर अवैध कच्ची/देशी शराब** व **325 क्वार्टर** देशी शराब बरामद की गई । इस संबंध में 15 अभियोग पंजीकृत करते हुए 17 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

थाना जरिया जनपद हमीरपुर
साइबर हेल्प डेस्क
कार्यालय
1930